भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 199

29 जनवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजना के पूरा होने की स्थिति

†199. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरीः

श्री प्रदीप कुमार सिंहः

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः

श्री भर्तृहरि महताबः

डॉ. के. सुधाकरः

श्रीमती लवली आनंदः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025 तक स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजना के पूरा होने की राज्य-वार अंतिम स्थिति कर्नाटक के विशिष्ट संदर्भ में क्या है;

(ख) इसमें कुल कितना निवेश किया गया है और सौ स्मार्ट शहरों में कितने एकीकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र प्रचालित किए गए हैं;

(ग) उक्त मिशन की दस वर्ष की कार्यान्वयन अवधि के दौरान इसकी प्रमुख उपलब्धियां और परिवर्तनकारी परिणाम क्या रहे हैं;

(घ) उक्त मिशन के अंतर्गत विकसित डिजिटल अवसंरचना और नवाचारों को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए क्या योजनाएं हैं; और

(ङ) उक्त मिशन के अंतर्गत कर्नाटक को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है और सम्पूर्ण राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत, मिशन की शुरुआत से अब तक 1,64,811 करोड़ रुपये की कुल 8,064 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से 1,55,859 करोड़ रुपये की लागत से 7,767 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 15.01.2026 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 8,952 करोड़ रुपये की कुल 297 परियोजनाएं चल रही हैं।

कर्नाटक राज्य में, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 07 शहरों अर्थात बेलगावी, बेंगलुरु, दावणगेरे, हुबली-धारवाड़, मंगलुरु, शिवमोग्गा और तुमकुरु का चयन किया गया था। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 15.01.2026 तक, 13,819 करोड़ रुपये की कुल 917 परियोजनाओं में से 13,499 करोड़ रुपये की 901 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 98%) पूरी हो चुकी हैं और 302 करोड़ रुपये की शेष 16 परियोजनाएं चल रही हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, 100 स्मार्ट शहरों में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन किया गया है।

(ग) स्मार्ट सिटी मिशन की प्रमुख उपलब्धियों और परिवर्तनकारी परिणामों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

i. अपराध निगरानी, नागरिक सुरक्षा, परिवहन, अपशिष्ट, जल और आपदा प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों के कार्यों के लिए 100 आईसीसीसी की स्थापना की गई है।
ii. सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा: 83,000 से अधिक सीसीटीवी निगरानी कैमरे लगाए गए
iii. जीवंत सार्वजनिक स्थान: 1,300+ सार्वजनिक-स्थान परियोजनाओं को पूरा किया गया, साथ ही 484 विरासत स्थलों के संरक्षण और 58 शहरों में बाजार पुनर्विकास का कार्य भी पूरा किया गया।
iv. जल आपूर्ति: एससीएडीए के माध्यम से 17,000+ किमी जल आपूर्ति नेटवर्क की निगरानी की जाती है, जिससे रिसाव और गैर-राजस्व पानी कम होता है।
v. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन: आईसीसीसी आरएफआईडी-सक्षम अपशिष्ट-संग्रह वाहनों की निगरानी करते हैं, मार्गों और संग्रह दक्षता में सुधार करते हैं।

vi. गतिशीलता: बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए आईसीसीसी के माध्यम से आईटीएमएस और निगरानी के साथ 1,700+ किमी की स्मार्ट, सुलभ सड़कों का निर्माण।

vii. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी): 9,190 करोड़ रुपये की 194 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

(घ) स्मार्ट शहरों में स्थापित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) जैसे डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने "स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बनाए गए एसपीवी के प्रयोजन का पुनर्निधारण करने" पर परामर्शिका संख्या 27 जारी की है, जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आत्मनिर्भर व्यवसाय योजनाओं को विकसित करने में आईसीसीसी का समर्थन करने का निर्देश देती है। इसे बढ़ाने के लिए, आईसीसीसी को आस-पास के शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी), संबंधित विभागों और अन्य राष्ट्रीय और राज्य मिशनों या पहलों को सहायता देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आईसीसीसी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और नागरिक-केंद्रित सेवाओं जैसे क्षेत्रों में स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए अभिनव, शहर-विशिष्ट समाधानों को विकसित और कार्यान्वित करना जारी रखेंगे, जिससे मिशन के तहत शहरी शासन और सेवा प्रदायगी को मजबूत किया जा सके।

(ङ) कर्नाटक राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 15.01.2026 तक, शहर 3,428 करोड़ रु. की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा कर पाए हैं, जिसमें से 3,316 करोड़ रु. का उपयोग किया गया है। कर्नाटक राज्य में दावा की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई निधि और परियोजनाओं की स्थिति का शहर-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

शहर	दावा की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)	उपयोग की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)	कुल		पूर्ण		चल रही	
			परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)	परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)	परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)
बेलगावी	490	490	217	2,780	212	2,722	5	58
बेंगलुरु	488	456	57	1,054	56	1,031	1	23

शहर	दावा की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)	उपयोग की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपये में)	कुल		पूर्ण		चल रही	
			परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)	परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)	परियोजना (संख्या में)	(राशि करोड़ रुपये में)
दावणगेरे	490	490	128	1,976	127	1,947	1	30
हुबली-धारवाड़	490	444	81	1,950	79	1,835	2	115
मंगलुरु	490	457	105	2,579	98	2,484	7	95
शिवमोग्गा	490	490	112	1,381	112	1,381		
तुमकुरु	490	490	217	2,099	217	2,099		
कुल	3,428	3,316	917	13,819	901	13,499	16	320

*****

अनुलग्नक

दिनाँक 29 जनवरी, 2026 को 'स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजना के पूरा होने की स्थिति' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 199 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार विवरण

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य/ शहर का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएँ		पूर्ण परियोजनाएँ		चल रही परियोजनाएँ	
		दावा की गई भारत सरकार की निधियाँ	उपयोग की गई भारत सरकार की निधियाँ	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत
1	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	306	245	18	511	9	72	9	439
	पोर्ट ब्लेयर	306	245	18	511	9	72	9	439
2	आंध्र प्रदेश	1,860	1,840	280	6,589	249	5,739	31	850
	अमरावती	488	488	19	903	14	746	5	157
	काकीनाडा	490	485	92	1,908	80	1,731	12	177
	तिरुपति	392	388	104	2,083	92	1,649	12	433
	विशाखापत्तनम	490	479	65	1,695	63	1,613	2	82
3	अरुणाचल प्रदेश	978	879	75	1,032	63	753	12	279
	ईटानगर	488	405	32	521	25	422	7	99
	पासीघाट	490	475	43	512	38	331	5	180
4	असम	490	490	21	755	20	746	1	9
	गुवाहाटी	490	490	21	755	20	746	1	9
5	बिहार	1,901	1,797	152	5,243	143	4,923	9	320
	भागलपुर	490	483	27	1,504	26	1,494	1	10
	बिहारशरीफ	433	410	61	1,449	57	1,252	4	197

	मुज़फ्फरपुर	490	419	30	860	26	747	4	112
	पटना	488	484	34	1,430	34	1,430		
6	चंडीगढ़	490	490	97	2,694	97	2,694		
	चंडीगढ़	490	490	97	2,694	97	2,694		
7	छत्तीसगढ़	1,370	1,309	520	4,454	506	4,188	14	266
	अटल नगर	488	472	52	944	52	944		
	बिलासपुर	429	403	126	1,765	118	1,605	8	161
	रायपुर	453	435	342	1,745	336	1,639	6	106
8	दादरा और नगर हवेली	392	389	29	853	12	416	17	437
	सिलवासा	392	389	29	853	12	416	17	437
9	दमन और दीव	386	386	52	1,148	43	1,093	9	55
	दीव	386	386	52	1,148	43	1,093	9	55
10	दिल्ली	343	317	127	997	121	884	6	113
	एनडीएमसी	343	317	127	997	121	884	6	113
11	गोवा	490	469	51	1,051	50	1,043	1	8
	पणजी	490	469	51	1,051	50	1,043	1	8
12	गुजरात	2,867	2,834	359	11,507	357	11,278	2	229
	अहमदाबाद	490	490	70	2,655	69	2,626	1	29
	दाहोद	417	414	36	984	36	984		
	गांधीनगर	490	463	43	1,046	42	846	1	200
	राजकोट	490	488	71	2,184	71	2,184		
	सूरत	490	490	87	2,694	87	2,694		
	वडोदरा	490	489	52	1,943	52	1,943		
13	हरियाणा	980	922	161	2,136	140	1,564	21	572
	फरीदाबाद	490	490	44	929	35	763	9	166
	करनाल	490	432	117	1,207	105	801	12	406
14	हिमाचल प्रदेश	978	955	291	1,552	272	1,294	19	257
	धर्मशाला	490	477	80	656	64	454	16	202
	शिमला	488	478	211	896	208	840	3	56
15	जम्मू और कश्मीर	941	885	288	6,603	281	6,464	7	140
	जम्मू	489	444	127	2,969	125	2,940	2	29
	श्रीनगर	452	441	161	3,634	156	3,524	5	111

16	झारखंड	490	490	26	1,847	26	1,847		
	रांची	490	490	26	1,847	26	1,847		
17	कर्नाटक	3,428	3,316	917	13,819	901	13,499	16	320
	बेलगावी	490	490	217	2,780	212	2,722	5	58
	बेंगलुरु	488	456	57	1,054	56	1,031	1	23
	दावणगेरे	490	490	128	1,976	127	1,947	1	30
	हुबली-धारवाड़	490	444	81	1,950	79	1,835	2	115
	मंगलुरु	490	457	105	2,579	98	2,484	7	95
	शिवमोग्गा	490	490	112	1,381	112	1,381		
	तुमकुरु	490	490	217	2,099	217	2,099		
18	केरल	978	964	177	3,003	173	2,913	4	90
	कोच्चि	490	490	98	1,761	96	1,734	2	27
	तिरुवनंतपुरम	488	474	79	1,242	77	1,179	2	64
19	लक्षद्वीप	183	45	12	289	8	11	4	278
	कवरत्ती	183	45	12	289	8	11	4	278
20	मध्य प्रदेश	3,430	3,422	788	15,129	778	14,612	10	517
	भोपाल	490	490	82	2,791	82	2,791		
	ग्वालियर	490	490	84	1,633	81	1,416	3	217
	इंदौर	490	490	231	3,751	231	3,751		
	जबलपुर	490	490	130	2,197	130	2,197		
	सागर	490	489	80	1,782	78	1,607	2	175
	सतना	490	483	86	1,363	83	1,262	3	101
	उज्जैन	490	490	95	1,613	93	1,589	2	24
21	महाराष्ट्र	3,874	3,873	347	16,980	330	15,505	17	1,476
	औरंगाबाद	490	490	47	2,835	45	2,690	2	145
	कल्याण-डोंबिवली	490	490	19	1,245	16	721	3	523
	नागपुर	490	489	47	1,768	40	1,588	7	180
	नासिक	444	444	53	3,197	51	3,012	2	185
	पिंपरी-चिंचवाड़	490	490	25	1,304	24	1,172	1	132
	पुणे	490	490	55	3,333	55	3,333		
	सोलापुर	490	490	49	1,587	49	1,587		
	ठाणे	490	490	52	1,712	50	1,402	2	310
22	मणिपुर	398	348	27	513	23	346	4	167

	इम्फाल	398	348	27	513	23	346	4	167
23	मेघालय	490	444	13	517	10	453	3	64
	शिलांग	490	444	13	517	10	453	3	64
24	मिजोरम	490	418	45	508	33	290	12	218
	आइजोल	490	418	45	508	33	290	12	218
25	नागालैंड	490	474	40	689	40	689		
	कोहिमा	490	474	40	689	40	689		
26	ओडिशा	980	980	107	3,589	104	3,427	3	162
	भुवनेश्वर	490	490	32	2,072	31	2,057	1	15
	राउरकेला	490	490	75	1,517	73	1,370	2	147
27	पुदुच्चेरी	343	338	80	595	70	328	10	267
	पुदुच्चेरी	343	338	80	595	70	328	10	267
28	पंजाब	1,470	1,419	204	4,486	190	4,148	14	337
	अमृतसर	490	484	44	1,911	42	1,805	2	106
	जालंधर	490	445	78	1,186	74	1,023	4	163
	लुधियाना	490	490	82	1,389	74	1,320	8	68
29	राजस्थान	1,960	1,948	579	8,640	575	8,548	4	92
	अजमेर	490	490	179	2,224	178	2,209	1	15
	जयपुर	490	484	170	2,545	168	2,483	2	63
	कोटा	490	484	87	2,154	86	2,139	1	14
	उदयपुर	490	490	143	1,717	143	1,717		
30	सिक्किम	978	905	55	1,661	52	1,516	3	145
	गंगटोक	488	447	29	744	28	735	1	9
	नामची	490	458	26	917	24	781	2	136
31	तमिलनाडु	5,390	5,363	729	17,952	726	17,924	3	28
	चेन्नई	490	490	49	1,104	48	1,097	1	7
	कोयंबतूर	490	490	72	1,455	72	1,455		
	इरोड	490	486	55	1,304	55	1,304		
	मदुरै	490	490	16	1,900	16	1,900		
	सलेम	490	490	114	1,861	114	1,861		
	तंजावुर	490	488	103	996	102	989	1	8
	थूथुकुडी	490	482	75	1,038	75	1,038		
	तिरुचिरापल्ली	490	489	83	1,548	83	1,548		

	तिरुनेलवेली	490	480	81	1,817	81	1,817		
	तिरुपुर	490	489	28	2,833	28	2,833		
	वेल्लोर	490	489	53	2,096	52	2,083	1	13
32	तेलंगाना	806	806	168	2,895	143	2,520	25	375
	ग्रेटर वारंगल	377	377	119	1,800	103	1,499	16	302
	करीमनगर	429	429	49	1,094	40	1,022	9	73
33	त्रिपुरा	490	490	77	808	77	808		
	अगरतला	490	490	77	808	77	808		
34	उत्तर प्रदेश	4,900	4,889	893	21,161	888	20,949	5	212
	आगरा	490	490	62	2,369	62	2,369		
	अलीगढ़	490	488	52	1,830	51	1,730	1	100
	बरेली	490	485	88	1,476	88	1,476		
	झांसी	490	490	78	1,868	78	1,868		
	कानपुर	490	489	91	3,060	91	3,060		
	लखनऊ	490	490	103	2,126	102	2,115	1	11
	मुरादाबाद	490	490	41	1,503	41	1,503		
	प्रयागराज	490	489	146	2,295	145	2,250	1	45
	सहारनपुर	490	487	115	1,292	113	1,235	2	57
	वाराणसी	490	490	117	3,342	117	3,342		
35	उत्तराखंड	490	484	33	1,144	32	939	1	204
	देहरादून	490	484	33	1,144	32	939	1	204
36	पश्चिम बंगाल	490	486	226	1,460	225	1,435	1	25
	न्यू टाउन कोलकाता	490	486	226	1,460	225	1,435	1	25
	कुल	47,320	46,108	8064	1,64,811	7767	1,55,859	297	8,952
	अचयनित स्मार्ट सिटी	18	18						
	सुल्तानपुर लोधी	120	105						
	कुल योग	47,458	46,231						

15.01.2026 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित